दिन– शुक्रवार  दिनांक– 07 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।  अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में आज महिलाओं के मुद्दे को लेकर विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। विधानसभा में कार्यवाही शुरू होने के साथ ही विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचो–बीच आ गए। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कई बार बैठने की अपील की, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि महिला हिंसा से जुड़ा कोई मुद्दा जब भी उनके संज्ञान में आता है, तुरंत वे अपने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर ऐसे मामलों पर कार्रवाई करने के निर्देश देते हैं। इसके बाद विपक्ष के विधायक अपनी–अपनी सीट पर बैठ गए। इससे पहले, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रश्नोत्तर काल में महिला सदस्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

इधर, विधान परिषद में भी आज महिलाओं पर हिंसा और महिलाओं की शिक्षा को लेकर राजद समेत सभी विपक्षी दलों ने प्रदर्शन किया। राजद की उर्मिला ठाकुर ने महिला शिक्षा की स्थिति पर सवाल उठाया। इस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि जिस राजनीतिक दल ने अपने शासनकाल में महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया, वे आज सवाल खड़े कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है।

————————————————————

होमी भाभा कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की ओर से राज्य में में अबतक तेईस लाख लोगों में कैंसर की स्क्रीनिंग की गयी। इसमें चार हजार इक्कीस लोगों में कैंसर की पुष्टि हुई। विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। साथ ही कैंसर मरीजों के इलाज के लिए छह जिलों में डे–केयर कीमोथेरेपी सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। जन औषधि दिवस पर श्री नड्डा ने कहा कि देश में पंद्रह हजार से अधिक जन औषधि केंद्र, प्रतिदिन दस लाख लोगों की सेवा कर रहे हैं। इन केंद्रों पर दवाइयाँ बाजार दर से पचास से नब्बे प्रतिशत कम मूल्य पर उपलब्ध है।

———————————————————————

राज्य से डेयरी और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आज अड़तालीस लाख रूपये से अधिक मूल्य के घी, गुलाब जामुन और मखाना की तीन खेप अमेरिका और कनाडा के लिए रवाना की गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में बिहार सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड, कॉम्फेड के सुधा ब्रांड की इन खेपों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पशु और मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एन. विजयालक्ष्मी ने कहा कि निर्यात संवर्द्धन कंपनियों के साथ मिलकर कॉम्फेड ने यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि शुरूआत में सत्तावन क्विंटल घी और पांच क्विंटल मखाना अमेरिका, जबकि पचास क्विंटल गुलाब जामुन कनाडा भेजा गया है। डॉ. विजयालक्ष्मी ने कहा कि इस पहल से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से जुड़े लोगों की आमदनी बढ़ेगी।

———————————————————————

मोतिहारी के गांधी मैदान में आज से तीनों सेनाओं की ओर से शौर्य वेदनम उत्सव की शुरूआत हुयी। दो दिवसीय समारोह का उद्‌घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने किया। अपनी सेना को जानो अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को थल सेना, जल सेना और वायु सेना के क्रियाकलापों की जानकारी देना और उनमें देशभक्ति की भावना जगाना है। शौर्य वेदनम उत्सव में सेना के विभिन्न हथियार और उपकरणों का प्रदर्शन किया गया है। इसके अलावा लोग सुखोई लड़ाकू विमान, टी–नाइनटी टैंक, बोफोर्स तोप और ड्रोन शो जैसे रोमांचक प्रदर्शनों का आनंद ले सकेंगे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आठ और नौ मार्च को राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के

दौरान उनतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ औरंगाबाद राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।